## खबर संक्षेप

### महर्षि कश्यम जयंती 31 को मनाई जाएगी

**उचाना।** भगवान महर्षि कश्यम जयंती 31 मई को उचाना की बीसी धर्मशाला में मनाई जाएगी। मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेंगे। कश्यप समाज प्रधान पालेराम ने बताया कि गांव-गांव जाकर महर्षि कश्यप जयंती को लेकर निमंत्रण दिया जाएगा। बीते साल भी मनाई जयंती में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे थे। हलके भर से कश्यप समाज के लोग हिस्सा लेंगे। टीमें बना कर गांव-गांव जाएंगे। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को उनके निवास पर जाकर निमंत्रण दिया गया।

### योग दिवस कार्यक्रम को लेकर दिया प्रशिक्षण

**उचाना।** 12वें विश्व योग दिवस कार्यक्रम के तहत आज दूसरे दिन राजकीय कन्या वमावि उचाना मंडी में आयुष विभाग एवं शिक्षा विभाग के तत्वाधान में खंड उचाना के पीटीआई एवं डीपीई ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयुष विभाग के योगाचार्य कुलदीप सिंह एवं सतीश कुमार ने अध्यापकों को योग का प्रशिक्षण दिया। डॉ. कृष्ण श्योकंद एवं डॉ. चेतन शर्मा ने योग के महत्व का विस्तार पूर्वक वर्णन किया और उन्होंने विभिन्न रोगों में विभिन्न योग की क्रिया के महत्व को विस्तार पूर्वक समझाया।

### अच्छा परिणाम लाने वाले बच्चे सम्मानित

**जींद।** शहीद आशीष कुमार राजकीय वमावि घिमाना में अच्छा परिणाम लाने वाले 10वीं और 12वीं के बच्चों को सम्मानित किया गया। दसवीं कक्षा में बच्चों ने 33 मेरिट और 12वीं कक्षा में 89 मेरिट प्राप्त की। प्राचार्य मनोज मोर के अनुसार पिछले 10 सालों का रिकार्ड तोड़ते कुल 122 मेरिट प्राप्त की। प्रधानाचार्य के अनुसार दसवीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में विभिन्न विषयों में 47 बच्चों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य ने बच्चों को मेडल पहनाए गए। दोनों कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय व तीसरा स्थान पाने वाले बच्चों को 1100 रुपये प्रति बच्चों के हिसाब से नकद इनाम दिए गए।

### मजदूरों के हकों पर कुंडली मारकर बैठी सरकार : जोगेंद्र

**जींद।** भवन निर्माण कामगार यूनियन की जींद ब्लॉक कमेटी की बैठक ब्लॉक प्रधान जोगिंद्र ईगराह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्माण मजदूरों की लंबित मांगों, कल्याण बोर्ड में फैले भ्रष्टाचार और सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के जिला प्रधान रमेश चंद्र, भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला सचिव संदीप जाजवान ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार निर्माण मजदूरों के कानूनी हकों पर कुंडली मार कर बैठ गई है।

### पेयजल प्रबंधन के लिए ग्राम पंचायत तैयार

**जींद।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की पेयजल प्रबंधन व रखरखाव की नई नीति 2026 को क्रियांन्वित करवाने के लिए मंगलवार को गांव मांडो खेड़ी में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्य व ग्रामीण विभाग की नई नीति में सहभागिता के लिए तैयार नजर आए लेकिन कोरम अधूरा रहने के कारण ग्राम सभा सफल नही हो पाई। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए दोबारा से ग्राम सभा का आयोजन करवाया जाएगा।

### अनुसूचित जाति के लिए मत्स्य पालन क्षेत्र में दिए जा रहे लाभ

जींद। अनुसूचित जाति के नागरिकों के लिए मत्स्य पालन क्षेत्र में अनेक प्रकार के अनुदान व लाभ दिए जा रहे हैं। संबंधित व्यक्ति सरकार की योजना का पूरा लाभ उठाएं। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए मछली पालन के लिए प्रथम वर्ष पट्टा राशि पर विभाग द्वारा प्रत्येक लाभार्थी को 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अथवा पट्टे की वास्तविक राशि का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा। यह अनुदान केवल पंचायती तालाबों सरकारी जलाश्यों पर मान्य होगा।

## दीक्षांत समारोह का गरिमामय एवं भव्य आयोजन

# राजकीय कॉलेज में 450 छात्रों को सौंपी उपाधियां

### विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते उज्जवल भविष्य की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में 56वें दीक्षांत समारोह का भव्य, गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। समारोह में वर्ष 2025 के लगभग 300 स्नातक एवं 150 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को विधिवत उपाधियां प्रदान की गईं। महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के उत्साह और उल्लास का विशेष वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। जबकि आयोजन का सफल संचालन रजिस्ट्रार डा. विशाल रेढू के कुशल नेतृत्व एवं समन्वय में सम्पन्न हुआ। समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रो. डा. राज नेहरू ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि 56वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर उन्हें गौरव एवं प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। पिछले 76 वर्षों में शिक्षा के साथ कौशल विकास का महत्व निरंतर बढ़ा है। आज केवल डिग्री ही नही बल्कि व्यवहारिक कौशल, नवाचार और अनुसंधान की सोच भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में दो लाख से अधिक स्टार्टअप स्थापित हुए हैं, जो युवाओं की नवाचारी सोच का प्रतीक हैं। असफलता को सीखने का माध्यम बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर प्रयास करते रहने तथा समाज और राष्ट्र के लिए रचनात्मक कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सीआरएसयू जींद के परीक्षा नियंत्रक डा. राजेश बंसल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि शिक्षा केवल उपाधि प्राप्त करने तक सीमित नही है बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों के विकास, सामाजिक चेतना एवं राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, संस्कार एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। दीक्षांत समारोह के दौरान स्नातकोत्तर, कला स्नातक, कला ऑनर्स, वाणिज्य स्नातक, विज्ञान स्नातक तथा कंप्यूटर एप्लीकेशन स्नातक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालयीय परंपरा एवं शैक्षणिक गरिमा के अनुरूप विधिवत उपाधियां प्रदान की गईं। समारोह विश्वविद्यालयीय मर्यादा, अकादमिक परंपराओं एवं शोभायात्रा प्रक्रिया के अनुरूप संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उप प्राचार्य रणधीर खटकड़, एनईपी समन्वयक लाभ सिंह, आईक्यूएसी समन्वयक डा. सतीश मलिक, डा. ज्योति श्योराण सहित समस्त स्टाफ सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह के अंत में मुख्यअतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा डा. विशाल रेढू द्वारा आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।


जींद। छात्रों को डिग्रियां वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। महाविद्यालय में डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्राएं खिलाखिलाते हुए।

## आमजन जनगणना कार्य में दें सहयोग, सही जानकारी से बनेगी विकास की मजबूत आधारशिला : उपायुक्त

■ पहचान पत्र देखकर ही दें जानकारी, बैंक या ओटीपी संबंधी विवरण सांझा न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना अभियान देश के विकास और भविष्य की योजनाओं के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शिक्षाए स्वास्थ्यए पेयजल, सड़क, बिजली तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि प्रशासन द्वारा अधिकृत प्रगणकों को सही, सटीक और नवीनतम जानकारी देकर जनगणना कार्य में सहयोग करें। उपायुक्त ने बताया कि गणना कर्मियों के पास प्रशासन द्वारा जारी पहचान पत्र है। जिसे देखकर ही जानकारी सांझा करें। जनगणना के दौरान किसी भी नागरिक से बैंक खाता, एटीएम, ओटीपी, पैन कार्ड अथवा अन्य वित्तीय जानकारी नहीं मांगी जाएगी। नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी से सतर्क रहें। उन्होंने बताया कि स्वगणना प्रक्रिया के बाद अब प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनगणना का कार्य किया जा रहा है, जिसे 30 मई तक पूरा किया जाएगा। नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रखी जाएंगी तथा उनका उपयोग केवल सरकारी आंकड़ों और योजनाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनगणना एक राष्ट्रीय दायित्व है और प्रत्येक नागरिक की सहभागिता इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनगणना से प्राप्त आंकड़े ही भविष्य में संसाधनों के उचित वितरण और विकास योजनाओं को दिशा प्रदान करते हैं। प्रशासन की ओर से आमजन से सहयोग, जागरूकता और जिम्मेदारी के साथ इस अभियान में भागीदारी करने की अपील की गई है।


जींद। क्लास रेडीनेस गतिविधि में भाग लेते छात्रा। फोटो :हरिभूमि

### गतिविधियों का गहनता से अवलोकन

**जींद।** जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने खंड नरवाना के मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय का विस्तृत अवलोकन किया। अवलोकन दौरान राजेश वशिष्ठ ने पहली से लेकर पांचवी कक्षा तक सभी कक्षाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे क्लास रेडिनेस प्रोग्राम की गतिविधियों का गहनता से अवलोकन किया और पाया कि सभी शिक्षकों ने अपनी-अपनी कक्षाओं को प्रिंट रिच वातावरण से अत्यंत मनमोहक और शैक्षणिक दृष्टि से समृद्ध बनाया था। अवलोकन के दौरान बच्चों का कोना, शिक्षक का कोना, बच्चों द्वारा हाथ से बनाई पाठ्य सहायक सामग्री तथा शिक्षकों द्वारा तैयार की गई शिक्षण सहायक सामग्री विशेष रूप से काबिलेतारीफ रही। बच्चों की विभिन्न गतिविधियां अत्यंत रोचक एवं प्रेरणादायक थी।

### जागरूक उपभोक्ता ही सशक्त भारत की पहचान : भोला

**जींद।** कंज्यूमर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार भोला के जयपुर स्थित सीसीआई राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचने पर उनका शॉल एवं पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। यह सम्मान सीसीआई के राष्ट्रीय चेयरमैन डा. अनंत शर्मा एवं राष्ट्रीय महासचिव मुकेश वैष्णव, जय किशन द्वारा किया गया। संगठनात्मक मजबूती, उपभोक्ता जागरूकता अभियान एवं हरियाणा में संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की। सीसीआई के राष्ट्रीय चेयरमैन डा. अनंत शर्मा ने कहा कि उपभोक्ता जागरूकता आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कहा कि मजबूत संगठन के माध्यम से ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी पहुंचाई जा सकती है।

### स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता अभियान चलाया

**उचाना।** उपमंडल के नागरिक अस्पताल उचाना द्वारा गांव खापड़, खेड़ी मंसानिया, पालवां, अलिपुरा, गुरुकुल खेड़ा, काब्रच्छा, छात्तर, मांडी कलां, संडील, सुंदरपुरा, भगवानपुरा, तारखा, सुदकैन कलां, नचार खेड़ा, मंगलपुर व अन्य गांव में गिरते लिगांनुपात में सुधार हेतु बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान के कन्या भ्रूण हत्या रोकने, लड़कियों को शिक्षित करने, लड़कियों के महत्व, पीसीपीएनडीटी एक्ट, सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों, दहेज प्रथा रोकने व गिरते लिगांनुपात के दुष्परिणाम इत्यादि विषयों पर रैलियों, शपथ व मीटिंगों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एसएमओ डॉ. सुशील गर्ग गर्ग ने बताया गया कि जिन गांवों का सैक्स रेसों 900 से कम है उन गांवों में सुधार हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।


बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संकल्प दिलाते एसएमओ डॉ. सुशील गर्ग।

### अधीक्षक अभियंता ने सुनी बिजली समस्याएं

**जींद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली अदालत का आयोजन किया गया। बिजली अदालत में जींद के अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने बिजली की समस्याएं सुनी। मंगलवार को आयोजित हुई बिजली अदालत में कम संख्या में लोग बिजली की समस्या लेकर पहुंचे। इनमें बिजली लाइनों को वोल्टेज समस्या, खराब मीटर की समस्याएं जैसी समस्याएं अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा के समक्ष रखी गई। जिसके बाद बिजली बिलोंए खराब मीटर को बदलने जैसी समस्याओं को उपमंडल अधिकारी को तुरंत प्रभाव से समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिजली लाइनों को स्थानांरतण करने और सोलर कनैक्शनों जैसी समस्याओं को भी निश्चित समय अवधि में समाधान करने के निर्देश दिए।

### विवि को एमसीए और एमबीए के लिए एआईसीटीई की स्वीकृति

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि को एमसीए और एमबीए पाठ्यक्रमों के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। उपलब्धि विश्वविद्यालय के तकनीकी एवं प्रबंधन शिक्षा क्षेत्र में बढ़ते कदमों को नई दिशा प्रदान करेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार एआईसीटीई की स्वीकृति मिलने के बाद एमसीए और एमबीए कार्यक्रम अब राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी एवं प्रबंधन शिक्षा मानकों के अनुरूप संचालित किए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर उद्योग संपर्क, आधुनिक पाठ्यक्रम तथा रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो० राम पाल सैनी ने कहा कि एआईसीटीई की स्वीकृति विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

### खाद पीओएस मशीनों से बिक्री के निर्देश

**नरवाना।** नरवाना की पुरानी अनाज, लोहा मंडी एसोसिएशन हाल में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग जींद के अधिकारी नरेंद्र पाल, ईश्वर दत्त कौशिक, सुनील दलाल व नरवाना के साथ मिलकर खंड नरवाना एवं उचाना के खाद विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को खादों के संतुलित उपयोग हेतु जागरूक करना एवं खाद विक्रेताओं को विभागीय निर्देशों के पालन के प्रति प्रेरित करना था। बैठक में खाद विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि वे अपने खाद लाइसेंस की शर्तों एवं विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें। साथ ही विक्रेताओं को किसानों को हरी खाद, वर्मी कम्पोस्ट एवं गोबर की खाद के अधिक से अधिक उपयोग के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए ताकि भूमि की उर्व रा शक्ति बनी रहे।


नरवाना। बैठक में भाग लेते खाद विक्रेता एवं अधिकारी। फोटो :हरिभूमि


जींद। आंखों की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### डीएन मॉडल स्कूल में जांची आंखें

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए एक विशेष निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वास्थ्य विभाग जींद तथा एम्स दिल्ली की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा राष्ट्रीय बाल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों की आंखों की विस्तृत जांच की गई। डॉक्टरों ने बच्चों की दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान की तथा आवश्यकता अनुसार उचित परामर्श दिया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में दृष्टि दोष का समय रहते पता लगाना और उनकी आँखों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना था। इस अवसर पर डा. रमेश पंचाल एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों को आंखों की देखभाल, पौष्टिक आहार तथा नियमित नेत्र परीक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी।


जींद। मीटिंग में भाग लेते सभा के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### भर्तियों में पुराने प्रमाण पत्रों को मान्य करें

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा 23 जुलाई 2024 से पहले जारी पिछड़े वर्ग के प्रमाण पत्रों को हरियाणा सरकार के पीजीटी अध्यापकों की भर्ती के लिए कैबिनेट की मीटिंग में प्रस्ताव लाकर मान्य करने के निर्णय का मैढ सुनार सभा ने स्वागत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। मैढ सुनार सभा द्वारा स्थानीय महाराज अजमीढ़ भवन एवं सुनार धर्मशाला में बैठक कर सरकार से यह भी मांग की है कि यह निर्णय केवल पीजीटी अध्यापकों की भर्ती तक सीमित नहीं रखकर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी सहित सभी भर्तियों के लिए मान्य करार दिया जाना चाहिए। सभा के महासचिव राममेहर वर्मा, वित्त सचिव गौरव सोनी, प्रचार सचिव जितेश सोनी ने बताया कि कैबिनेट की मीटिंग में जहां पीजीटी अध्यापकों को राहत प्रदान की गई है।

## कन्या भ्रूण हत्या रोकने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

नगूरां पीएचसी के अधीन दालमवाला में हरियाणा स्वास्थ्य महानिदेशक के निर्देशानुसार जिला जींद में गिरते लिंगानुपात में सुधार लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत व्यापक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगूरां चिकित्सा प्रभारी डा. दीक्षा यादव ने की। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बेटियों की रक्षा, कन्या भ्रूण लिंग जांच जैसी अवैध गतिविधियों का विरोध तथा समाज में बेटियों को आगे बढाने की शपथ दिलाई। चिकित्सा प्रभारी डा. दीक्षा यादव ने बताया कि इस दौरान ग्रामीण महिलाओं एवं आमजन को बेटियों के सम्मान, शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के अलावा कन्या भ्रूण हत्या रोकने एवं समाज में बेटियों को समान अधिकार देने का संदेश दिया गया। कहा कि यह अभियान सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न गांवों, स्वास्थ्य संस्थानों एवं शहरी क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। नगूरां चिकित्सा प्रभारी ने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी अवैध लिंग जांच की जानकारी मिले तो उसकी सूचना हेल्पलाइन 104 अथवा नोडल अधिकारी के मोबाइल नंबर 8708886583 पर दें।


अलेवा। दालमवाला में महिलाओं तथा आमजन को बेटी बचाओ-बेटी पढाओं के प्रति जागरूक करती नगूरां चिकित्सा प्रभारी डा. दीक्षा यादव। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। उंगली पर चुनाव चिन्ह दिखाते हुए छात्रा। फोटो :हरिभूमि

### चुनाव प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी

**नरवाना।** आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय नरवाना के प्रांगण में कक्षा छठी से दसवीं तक बाल भारती के बच्चों का प्रधानमंत्री हेतु चुनाव करवाया गया। इस चुनाव का उद्देश्य बाल भारती के माध्यम से बच्चों में नेतृत्व की भावना भरने का रहा। वास्तव में चुनाव प्रक्रिया कैसी होती है उसका एक नमूना रूप हर प्रकार की गतिविधियां संजोकर करवाया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में प्राचार्य सुरेंद्र और अजीत सैनी ने चुनाव की सारी गतिविधियों को बारीकी से जांचा ताकि चुनाव शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हो। बाल भारती के प्रमुख एवं चुनाव अधिकारी जोगिंद्र सिंह ने सारी व्यवस्थाओं को सभी के सहयोग से आनंदपूर्वक करवाया। जैसे बच्चों का चुनाव फार्म भरवाना, उसके बाद नाम वापसी की तिथि तय की गई, नाम वापसी के बाद चुनाव अधिकारी ने चुनाव चिन्ह बच्चों को दिए।

## स्वास्थ्यकर्मियों ने मच्छरजनित बीमारियों से बचाव को लेकर किया जागरूक

# बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के तहत बराह कलां गांव में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह व विजेंद्र सिंह की अगुवाई में फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया व पम्पलेट बांटे। अभियान के दौरान टीम ने गांव के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया। इस दौरान बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर उनकी रक्त पट्टिका बनाई गई ताकि समय रहते मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर लोगों को मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तेजवीर सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को बुखार आता है तो उसे नजरअंदाज न करें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और सही इलाज से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने मलेरिया के लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें ठंड लगने के साथ तेज बुखार आता है। जो बार-बार चढ़ता व उतरता है। गर्मी लगती है और फिर पसीना आकर बुखार उतर जाता है। पूरे शरीर में थकावट रहती है, उल्टी व सिर दर्द होता है। ऐसे में लापरवाही करना खतरनाक हो सकता है।


जींद। ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी।

### नीम के पत्तों का धुआं करें

विजेंद्र सिंह ने बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि मच्छरों से बचाव के लिए पूरी बाजू के कपड़े पहनें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें तथा नीम के पत्तों का धुआं करें। इसके अलावा घर और आसपास साफ.-सफाई रखने पर विशेष जोर दिया गया। टीम ने लोगों को गड्ढों को मिट्टी से भरने, पानी जमा न होने देने, कूलर और टंकियों का पानी सप्ताह में कम से कम एक बार बदलने तथा छतों पर पड़े कबाड़ को हटाने की सलाह दी।


उचाना। पेड़ पर पक्षियों के लिए स्कोरे बांधते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### गर्मी में पेड़ों पर बांधे स्कोरे

**उचाना।** विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि तेज गर्मी का दौर शुरू हो चुका है और तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में जीव-जंतुओं, पक्षियों के लिए जल की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक हो जाती है। हर किसी को चाहिए कि पक्षियों के लिए मिट्टी के पात्र में जल की व्यवस्था करें। भीषण गर्मी में जब प्राकृतिक जलस्रोत सूखने लगते हैं, तब ये नन्हें जीव कठिन परिस्थितियों का सामना करते हैं। अपने घर, आस-पास पेड़ों पर स्कोरे बांधने के साथ उसमें सुबह, शाम पानी भरें ताकि पक्षी प्यास लगने पर अपनी प्यास बूझा सकें। अत्री ने कहा कि प्रकृति के संतुलन में इन पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनकी मधुर चहचहाहट हमारे वातावरण को जीवंत बनाती है और हमें प्रकृति से जोड़ती है। ऐसे समय में उनका संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। सभी आग्रह है कि वे भी अपने घर, आंगन या छत पर पानी और दाना रखकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें।

**खबर संक्षेप**



## समाजसेवी पवन को मिला जनप्रतिनिधियों का सम्मान

**ढांड।** गांव चंदलाना के प्रमुख समाजसेवी पवन शर्मा को सामाजिक, धार्मिक एवं जनहित कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने पर प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया । विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने सम्मान-पत्र जारी कर उनके सामाजिक योगदान, भाजपा के प्रति समर्पण और जनसेवा भावना की सराहना की।

## हजारों की नकदी और जेवरात चोरी

**कैथल।** ढांड के गांव संगरौली में चोरों ने एक घर से नकदी और सोने के जेवर चोरी कर लिए। ढांड पुलिस को दी शिकायत में गांव संगरौली के अमनदीप सिंह ने बताया कि 16 मई को वह अपने नौकर के साथ खेत में काम कर रहा था। उसने नौकर को घर से पानी लाने के लिए भेजा था। उस समय उसकी पत्नी मायके गई हुई थी और घर पर केवल उसकी मां थी, जो पड़ोस में गई हुई थी। इसी दौरान चोर घर में घुस गए और अलमारी से 71 हजार नकद, सोने का एक हार, दो चूड़ियां और तीन जोड़ी बालियां चोरी कर ले गए।

## स्कूटी की चपेट में आने से मुख्याध्यापक घायल

**कैथल।** जींद-कैथल रोड पर सड़क किनारे सब्जी खरीद रहे एक मुख्याध्यापक को स्कूटी सवार ने टक्कर मार घायल कर दिया। घायल हुए शिक्षक की शिकायत पर तितरम थाना पुलिस ने अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुभाष नगर खुराना रोड निवासी विनोद नंदा ने बताया कि वह राजकीय माध्यमिक विद्यालय जुलानी खेड़ा में मुख्याध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। 14 मई को स्कूल की छुट्टी के बाद वह गांव तितरम के पास जींद-कैथल रोड पर सड़क किनारे रेहड़ी से सब्जी खरीद रहे थे।

## युवती को प्यार में फांस किया यौन शोषण, केस

**जींद।** पानीपत इलाके की लड़की को प्यार में फांस दुष्कर्म करने तथा वीडियो व फोटो को वायरल करने की धमकी देकर यौन शोषण करने, ब्लैकमेल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पानीपत इलाके की एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वर्ष 2015 में पिल्लूखेड़ा थाना इलाका गांव में पढ़ रही थी। उसी कक्षा में गांव ढाठरथ निवासी मोहित पढ़ता था।

## केबल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना ढांड क्षेत्र में खेत से बिजली केबल चोरी करने मामले में आरोपी गांव हैबतपुर जिला करनाल निवासी राहुल उर्फ दीपक को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कोल निवासी जितेन्द्र कि शिकायत अनुसार वह खेती-बाड़ी का कार्य करता है और उसके खेत में बिजली ट्यूबवेल का कनेक्शन लगा हुआ है। 18 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति उसके व पड़ोसियों के खेत से ट्यूबवेल स्टार्टर व 300 फुट केबल चोरी कर ले गए।

## मकान से सामान चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** घर से सामान चोरी मामले में थाना सीवन पुलिस द्वारा एक आरोपी को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीवन निवासी महिला चरण कौर की शिकायत अनुसार 5 मई की रात को अज्ञात चोर उसके मकान का ताला तोड़कर बर्तन, टुंटियां, इन्वर्टर बैटरी व 15 हजार रुपये चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा 8 टुंटियां व वारदात में प्रयुक्त 2 प्लास बरामद कर लिए गए।

---

## 25वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सेक्टर-19 स्थित कम्यूनिटी हॉल में किया

# मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में चमके ध्रुव पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी

खिलाड़ियों ने 20 गोल्ड, 11 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

25वीं जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता का आयोजन 16 मई 2026 को सेक्टर-19 स्थित कम्यूनिटी हॉल कैथल में किया गया। प्रतियोगिता में ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर के 37 खिलाड़ियों ने सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग की विभिन्न भार श्रेणियों में भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने 20 गोल्ड, 11 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया तथा ऑल ओवर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

सब जूनियर वर्ग में 22 किलोग्राम भार वर्ग में उदित प्रथम, 24 किलोग्राम में विजयंत द्वितीय, 26 किलोग्राम में अर्नव प्रथम, 28 किलोग्राम में देवास प्रथम व अर्नव द्वितीय रहे। 30 किलोग्राम वर्ग में नित्यम प्रथम, तक्ष द्वितीय और तुषार तृतीय स्थान पर रहे। 32 किलोग्राम वर्ग में अर्जुन प्रथम, यहांन द्वितीय और तुषार तृतीय स्थान पर रहे। 34 किलोग्राम वर्ग में गोरीस प्रथम व हर्षित तृतीय रहे। 36 किलोग्राम वर्ग में ध्रुव प्रथम, जस्टिन द्वितीय तथा रौनक और समर्थ तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा 39 किलोग्राम वर्ग में समर प्रथम, 42 किलोग्राम में संयम द्वितीय, 48 किलोग्राम में दक्ष द्वितीय, 52 किलोग्राम में रुद्र प्रताप प्रथम व समरदीप द्वितीय तथा 56 किलोग्राम में तनिष द्वितीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में ईलेश ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 56 किलोग्राम वर्ग में रिजल प्रथम, 70 किलोग्राम में हर्षित द्वितीय, 75 किलोग्राम में हिमांशु प्रथम, 80 किलोग्राम में कृष्ण प्रथम, 85 किलोग्राम में पार्थ प्रथम, 90 किलोग्राम में विवेक प्रथम तथा 100 प्लस भार वर्ग में विश्वजीत प्रथम स्थान पर रहे। स्कूल अध्यक्ष मुकेश अहलूवालिया तथा प्रिंसिपल प्रवीण ढिल्लों ने ने सभी खिलाड़ियों और वुशु कोच जितेंद्र को बधाई दी।



**पूंडरी।** प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ियों के साथ प्रिंसिपल प्रवीण ढिल्लो।

### स्केटिंग खिलाड़ियों ने मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा

**कैथल।** हुड्डा सैक्टर-20 कैथल के 5 स्केटिंग खिलाड़ियो ने अण्डर-14 वर्षीया लड़के व लडकियां नोर्थ जॉन राष्ट्रीय चैम्पीयनशीप में भाग लिया। यह चैम्पीयनशीप शिमला हिमाचल प्रदेश मे 15 से 18 मई 2026 तक आयोजित की गई। इस चैम्पियनशिप मे उत्तरी भारत के 8 राज्य जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चण्डीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड की टीमो ने भाग लिया। इस चैम्पियनशिप मे हुड्डा सैक्टर-20, कैथल के स्केटिंग सैन्टर के 5 खिलाड़ियो ने भाग लिया जिसमे लडको की टीम में ओएसडीएवी स्कूल से गुरवंश सिंह, सोमाश, याव्ही चौधरी, माइल स्टोन से हान्सू बागड, सिल्वर ऑक इंटरनेशनल स्कूल से सपर्श गुगनानी ने भाग लिया। सभी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए इस चैम्पियनशीप मे प्रथम स्थान प्राप्त किया और अपने जिले व राज्य का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों व स्केटिंग कोच प्रिस मलिक का कैथल पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रधान सुनील गिरधर हरियाणा रोल बॉल के महासचिव रणबीर सिंह टयोठा, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार मोहना, उपाध्यक्ष श्याम सिंह मैहला उपस्थित थे।



# डीएवी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

■ स्नेह एवं लक्ष्य ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया

**सीवन।** 20वीं जिला स्तरीय विशु चैंपियनशिप का आयोजन बड़े उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल सीवन के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य रूपेंद्र वालिया ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं अवनी, सुखमन, मन्नत, खुशदीप एवं गुंजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं अर्पिता, नवनीत, रिदम, गुलशन, सागर, रिया एवं जितेंद्र ने रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगाए। इसके अतिरिक्त स्नेह एवं लक्ष्य ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपेंद्र वालिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी जीवन में विशेष महत्व है। खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास करते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना भी विकसित करते हैं।



डीएवी स्कूल में विजेता खिलाडियों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य

## खाद दुकानों पर न भेज सोसाइटी में भेजी जाए

**पाई।** भारतीय किसान यूनियन ने सरकार से मांग किया कि धान के समय में किसानों को मिलने वाला खाद दुकानों पर न भेजकर सोसाइटी में भेजा जाए और सोसाइटियों के माध्यम से ही किसानों को मिले। यूनियन के राष्ट्रीय सलाहकार अजीत सिंह हाबड़ी, कार्यकारी प्रधान बलवान पाई आदि ने कहा कि सरकार खाद की दुकान पर युरिया व डीएपी खाद भेजती है, परंतु दुकानदार किसानों को उनके साथ दूसरी अन्य चीज भी महंगे दामों पर देते है। यदि किसान महंगी वस्तुएं न लेने की कहते हैं, तो उनको खाद देने से साफ इनकार किया जाता है। कहा कि लगभग एक महीने बाद किसानों की धान की बुवाई शुरू हो जाएगी।

## सीएम के फैसले से बढ़ेगी रोजगार की सुरक्षाः गुर्जर

**पूंडरी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने नायब सैनी सरकार द्वारा टैक्सी एवं डिलीवरी कंपनियों के लिए सीएनजी और ई.वी. वाहनों को अनिवार्य करने के फैसले का स्वागत करते इसे दूरदर्शी और पर्यावरण हितैषी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार ऐसे फैसले ले रही है, जिनसे आम जनता को राहत मिलने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिल रही है। कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय प्रदूषण कम करने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। इससे जहां एक ओर वातावरण स्वच्छ होगा, वहीं दूसरी ओर आधुनिक तकनीक को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

# गांव पाडला में पहुंचा विधायक आदित्य सुरजेवाला का चलता-फिरता अस्पताल

■ ग्रामवासियों को दी नि :शुल्क दवाइयां व किया हेल्थ चेकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल विधानसभा के विधायक आदित्य सुरजेवाला ने एक बार फिर जनसेवा का अनुपम उदाहरण पेश किया है। आज गांव पाडला में पहुंचकर उन्होंने अपने 'चलता-फिरता अस्पताल' के माध्यम से ग्रामवासियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया।

शिविर में डा. रविन्द्र और डॉ. आरती सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की जांच की। जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। ग्रामीण रोशन पाडला, पिरथी, बलदेव, हरभज सरपंच, महावीर शर्मा, प्रेम पूर्व सरपंच, कर्मचंद, राज, रमन, बबली, सीतो देवी, सुमन बाला, रेशमा, बतेरी देवी, रामनिवास, बीरो देवी, जगदीश, अंगूरी, शंकुतला, सत्या देवी, कमला, परणीत, सतबीर, धूप सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बाहर निजी क्लीनिकों या अस्पतालों में जांच व दवाइयों पर सैकड़ों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन आदित्य सुरजेवाला के इस शिविर में पर्ची और दवाइयों का एक भी पैसा नहीं लिया गया। यह पहल विशेष रूप से उन लोगों के लिए उपयोगी साबित हो रही है।



**कैथल।** पाडला में शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। *फोटो :हरिभूमि*

## होटल संचालक समेत दो के खिलाफ केस

**कैथल।** प्योदा रोड चुंगी के पास जींद रोड स्थित ए-वन होटल में अनैतिक कार्य कराने के मामले में पुलिस ने ए वन होटल संचालक मुकेश और सोनू के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सोमवार को हुई छापेमारी के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। इसके बाद आरोपियों से जुड़े पहलुओं की पड़ताल की जा रही थी। सोमवार शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि होटल में अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस ने पहले एक फर्जी ग्राहक को होटल भेजा। सूचना सही पाए जाने के बाद थाना शहर प्रभारी गीता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने होटल पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान होटल का मैनेजर मौके पर मौजूद मिला। वहीं होटल से तीन महिलाओं और एक युवक को भी हिरासत में लिया था। पूछताछ में सामने आया कि महिलाओं में दो बिहार और एक पंजाब की रहने वाली थी।

# सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर सेरधा गांव के खिलाड़ियों को मिला खेल प्रोत्साहन

■ क्रिकेट किट वितरण कर युवाओं को खेलों से जुड़ने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

सांसद नवीन जिन्दल की ओर से कलायत क्षेत्र के गांव सेरधा में युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्रिकेट किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

सांसद के कैथल कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को भी खेलों के लिए समान अवसर और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से खिलाड़ियों को न केवल एक बड़ा मंच मिला है, बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का अवसर भी प्राप्त हुआ है। यह पहल युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है, और यही सोच सांसद नवीन जिन्दल की सभी खेल योजनाओं का आधार है। क्रिकेट किट वितरण जैसी गतिविधियां गांवों में खेल संस्कृति को मजबूत करने में सहायक साबित हो रही हैं। इस अवसर पर हल्का प्रभारी वीरेंद्र सारण, रामकुमार ढुल, सुभाष जांगड़ा, सोमपाल खिलाड़ी उपस्थित रहे।



**कलायत।** सांसद के कार्यालय प्रभारी रविंद्र खिलाड़ियों को किट वितरित करते।

### विधायक ने जनता को दिलाया भरोसा

## लोगों से जुड़े मुद्दों को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा

**सीवन।** हल्का गुहला के विधायक देवेंद्र हंस ने चंडीगढ़ रवाना होने से पहले क्षेत्र की जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि हल्के की समस्याओं और आम लोगों से जुड़े मुद्दों को सरकार के समक्ष पूरी मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, उस विश्वास पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता है। विधायक देवेंद्र हंस ने कहा कि आज आम आदमी कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है। बढ़ती महंगाई, युवाओं में बेरोजगारी, किसानों की परेशानियां तथा प्रशासनिक स्तर पर लोगों को होने वाली दिक्कतें गंभीर विषय हैं, जिनका समय रहते समाधान होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वह विधानसभा और सरकार के समक्ष इन सभी मुद्दों को प्रमुखता से रखेंगे ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसान फसलों के उचित दाम, सिंचाई व्यवस्था और अन्य सुविधाओं को लेकर चिंतित हैं।



विधायक देवेंद्र हंस

# कार्यकर्ताओं की मेहनत, अनुशासन और सेवाभाव से मजबूत हो रहा भाजपा संगठन

■ महिला मोर्चा जिला सचिव निधि मोहन के निवास पर बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पुंडरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुंडरी मंडल की मासिक शक्ति केंद्र बैठक महिला मोर्चा जिला सचिव निधि मोहन के निवास स्थान टयोंठा पर सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी अमरपाल राणा, जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुभाष हजवाना, मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, जिला महामंत्री मुनीश शर्मा, जिला सचिव हर्ष सेठी, मंडल प्रभारी अध्वेश किशोर, मंडल महामंत्री ऋषि कुमार , निधि मोहन सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**पूंडरी।** बैठक में भाग लेते जिला प्रभारी अमरपाल राणा व कार्यकर्त्ता।

### पुरस्कार के लिए छह श्रेणियां निर्धारित

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसका उद्देश्य उन बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना है, जिन्होंने कम उम्र में विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं और समाज के लिए प्रेरणा बने हैं। उन्होंने बताया कि इस पुरस्कार के लिए छह प्रमुख श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, जिनमें बहादुरी, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शामिल हैं।

### 31 जुलाई तक आवेदन

**कैथल।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रदान किया जाता है। डीसी अपराजिता ने बताया कि यह पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जाता है।

## फर्जी एप्लिकेशन के जरिए दुकानदारों से धोखाधड़ी

**कलायत।** शहर में फोनपे के नाम पर फर्जी मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए दुकानदारों से धोखाधड़ी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। स्थानीय दुकानदारों ने सतर्कता बरतते एक शातिर युवक को धोखाधड़ी करते रंगे हाथ दबोच लिया। पकड़े युवक ने सरेबाजार व्यापारियों के सामने कबूल किया कि वह अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए काफी समय से इस फर्जीवाड़े को अंजाम दे रहा था।अब तक कई छोटे-बड़े दुकानदारों को हजारों रुपये का चूना लगा चुका है। शुभम, योगेश, विशाल और अन्य दुकानदारों ने बताया कि दोपहर बाद करीब 4:30 बजे एक अज्ञात युवक उनकी दुकान पर सामान लेने आया। ऑनलाइन पेमेंट करने की बात कहकर अपने मोबाइल से भुगतान का नाटक किया। युवक ने दुकानदारों को अपने मोबाइल स्क्रीन पर बाकायदा पेमेंट सक्सेसफुल का मैसेज भी दिखाया।

**कार्यक्रम** | पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक व नशे के विरुद्ध प्रचार-प्रसार में जुटे डॉ. वर्मा

# राजकीय आईटीआई के युवाओं को दिलाई नशा नहीं करने की शपथ

समझाकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कलायत में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम किया गया। संस्थान के प्राचार्य भूपेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में संस्थान के अनुदेशकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। उच्चाधिकारियों के आदेश से ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा संस्थान में पहुंचे और एक दिवसीय 116वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे डॉ वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान पर नशे के विरुद्ध प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों बारे विस्तार से समझाकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि नशा भावी पीढ़ियों के लिए अभिशाप है। उन्होंने बताया कि नशा मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। नशा मनुष्य के जीवन में शौक बनकर आता है और उसके जीवन का अंत शोक में परिवर्तित हो जाता है। उन्होंने बताया कि यदि नशा अच्छा होता तो सबसे पहले मां अपने बच्चे को नशा करने के लिए देती।



**कैथल।** एसआई अशोक वर्मा राजकीय आईटीआई कलायत में युवाओं को शपथ दिलाते। फोटो :हरिभूमि

## बिना ट्यूशन 88% अंक लेकर चमकी गुरजीत

**गुहला-चीका।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चीका की छात्रा गुरजीत कौर ने 500 में से 440 अंक प्राप्त कर 88 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। गांव बोऊपुर निवासी गुरजीत की इस उपलब्धि से स्कूल और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। खास बात यह रही कि गुरजीत ने बिना किसी ट्यूशन के यह सफलता हासिल की।

प्रिंसिपल अशोक कुमार, स्कूल इंचार्ज वीना तथा स्टाफ सदस्यों ने गुरजीत कौर को फूलमालाएं पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रिंसिपल अशोक कुमार ने कहा कि गुरजीत ने साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# पुलिस पीआरओ राजेश कुमार के बेटे अभिषेक राज बने सेना में कैप्टन


जींद। सेना की मेडिकल कौर में कैप्टन पद पर चयनित होने पर बेटे अभिषेक राज को आशीर्वाद देते पिता राजेश कुमार। फोटो:हरिभूमि

- सेना के जालंधर मेडिकल में किया ज्वाइन
- दादा जनरल डीपी वत्स से प्रेरणा पाई
- डॉक्टर बनकर पोते ने दादा का सपना किया पूरा
- 36 वर्ष पूर्व भागखेड़ा से शहर आकर बसे थे पूर्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के पीआरओ सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार के बेटे डा. अभिषेक राज का चयन सेना की मेडिकल कौर में कैप्टन के रूप में हुआ है। उनको पहली पोस्टिंग जालंधर में सेना के मेडिकल में मिली है। मंगलवार को ज्वायनिंग के समय उनके पिता राजेश कुमार उनके साथ थे। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने डा. अभिषेक राज को बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया है। मूल रूप से भागखेड़ा निवासी राजेश कुमार का परिवार 36 साल पहले शहर की शिवपुरी कालोनी नरवाना रोड में आकर रहने लग गया था। यहीं पर बच्चों का जन्म हुआ। डा. अभिषेक राज ने बताया कि उनके दादा स्व. दयानंद पटवारी का सपना था कि उनका पोता डॉक्टर बने और भारतीय सेना में सेवा दे। इसी का लक्ष्य बना कर उन्होंने पढ़ाई की। इसके अलावा अपनी दादी के भाई एवं दादा जनरल डीपी वत्स से उन्होंने इसके लिए प्रेरणा पाई। अभिषेक राज ने क्राइस्ट राजा स्कूल से दसवीं व मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल से 12वीं कक्षा पास की। इसके बाद परीक्षा पास करके उनका चयन एमबीबीएस के लिए हुआ। लखनऊ से डा. अभिषेक राज ने एमबीबीएस की। इसके बाद उन्होंने महर्षि वाल्मीकि कालेज दिल्ली में डाक्टर के रूप में ज्वायन किया। इस समय वह मेडिकल कालेज फरीदाबाद में आईसीयू इंचार्ज थे। अब उनका सेना में कैप्टन के रूप में चयन हुआ है।

### संयुक्त परिवार, सभी बच्चे मेडिकल लाइन में

डा. अभिषेक राज के पिता सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि दो और भाई सुरेंद्र व सतेंद्र हैं। पूरा परिवार संयुक्त रूप से रहता है। उनके घर के सभी बच्चे मेडिकल लाइन में हैं। डा. अभिषेक राज के छोटे भाई आशीष राज ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय से एलएलएम की है। इसके अलावा डा. अभिषेक राज के ताऊ की बेटी डा. पारुल सर्जरी में एमडी कर रही हैं। इसके अलावा उनके परिवार की एक बेटी बीपीएस तथा दूसरी बीएएमएस कर रही है।

## खबर संक्षेप

### रेलगाड़ी से व्यक्ति का शव बरामद

जींद। रोहतक से पानीपत वाया होकर जींद आने वाली ट्रेन में मंगलवार को एक व्यक्ति का शव मिला। शव की सूचना मिलने पर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। रेलवे पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। रेलवे पुलिस मृतक की शिनाख्त में जुटी है। 54049 रोहतक-जींद पैसेंजर मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे जींद जंक्शन पहुंची थी।

### आज चार घंटे बंद रहेगा ओल्ड नरवाना पावर हाउस

जींद। नरवाना ओल्ड का 132केवी पावर हाउस बुधवार को सुबह 6 से 10 बजे तक बंद रहेगा। अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने बताया कि पावर हाउस बंद कर तेल लीकेज की समस्या को दूर किया जाएगा। इस कारण इस पावर हाऊस के बसंती माता, लिंक पुराना आइटीआई, नरवाना सिटी, हॉस्पिटल और वाटर सप्लाई के 11केवी पावर हाऊस बंद रहेंगे। इन पावर हाउस से जुड़ी मोर पति एरिया, टोहाना रोड, पटियाला रोड, हॉस्पिटल, नया बस स्टैंडए रेलवे रोडए पुराना कोर्ट रोड हॉस्पिटल आदि में 4 घंटे बिजली बंद रहेगी।

### हॉकी खेलने निकली नाबालिग लड़की लापता

जींद। रामा कालोनी सफीदों से स्कूल में हॉकी खेलने के लिए निकली नाबालिग लड़की के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रामा कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 17 मई को उसकी साढ़े 13 वर्षीय बेटी सुबह स्कूल में हाकी खेलने के लिए निकली थी। जिसके बाद उसकी बेटी घर वापस नही लौटी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का सुराग नही लगा।

### पाइप लाइन चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

कैथल। पुलिस ने पाइप लाइन चोरी मामले में एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बरटा के ठेकेदार कुलदीप सिंह कि शिकायत अनुसार वह पिछले करीब 15 वर्षों से पब्लिक हेल्थ विभाग में गवर्नमेंट कांट्रेक्टर के तौर पर कार्य कर रहा है। पब्लिक हेल्थ विभाग कैथल द्वारा गांव रसूलपुर में करीब 7 किलोमीटर पीने के पानी की पाइप लाइन दबाने का कार्य उसे टेंडर के माध्यम से अलॉट किया था। कार्य पूरा करने के लिए पाइप लाइन गांव रसूलपुर में भिजवाई थी।

### घर से सामान-नकदी चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

कैथल। पुलिस ने ढांड क्षेत्र में घर से किमती सामान व नकदी चोरी करने के मामले में आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बंदराना निवासी ईशम सिंह की शिकायत अनुसार 15 मई की दोपहर को जब वह खेत से घर आया तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और अलमारी से करीब 1.50 लाख रुपये व चांदी की कुडली, चुटकी, कंगन, 12 सिक्के व पैरो की पजेब अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना ढांड में मामला दर्ज कर लिया गया।

## दोपहर को बाजार तथा सड़कें हो रहीं सुनसान

# सूर्य देवता उगल रहा आग, पारा उफान पर

### फिलहाल गर्मी से राहत के आसार नहीं और तापमान में होगा इजाफा

पिछले पांच दिन में ही अधिकतम तापमान में चार डिग्री की बढ़ोत्तरी, उलटी, दस्त तथा सिर चकराने के मामलों में इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सूर्य देवता ने आग उगल दी है और पारा उफान की तरफ है। जिसका जनजीवन पर साफ असर देखने को मिल रहा है। दोपहर को बाजार तथा सड़कें सुनसान हो रही हैं और हालात कफ्र्यू जैसे दिखाई दे रहे हैं। उलटी, दस्त तथा सिर चकराने के मामलों में भी इजाफा हुआ है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 13 प्रतिशत व हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं है और तापमान में भी इजाफा होगा। वहीं चिकित्सकों ने धूप में निकलने से बचने की सलाह लोगों को दी है। गर्मी से बचने के लिए लोग माइनरों तथा नहरों का सहारा ले रहे हैं। तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है और 44 डिग्री पहुंच गया है। मंगलवार को अधिकतम तापमान स्थित रहा जबकि न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की वृद्धि के साथ ही 30 डिग्री पर पहुंच गया। आगामी दिनों में पारा 45 डिग्री पार जाने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसकी आशंका पहले ही जता दी है। ऐसे हालात में हिट स्ट्रोक का खतरा भी पैदा हो गया है। बढ़े तापमान ने लोगों की परेशानी को बढा दिया है। दिन निकलने के साथ सूर्य आग उगलनी शुरु कर देता है, दोपहर तक बाजारों तथा सड़कों पर विरानगी छा जाती है। जिसका सीधा असर काम धंधे पर भी पड रहा है। तापमान में बढोत्तरी होने के चलते उलटी, दस्त तथा सिर चकराने के मामलों में भी इजाफा हुआ है। सामान्य अस्पताल में मरीज उलटी, दस्त, सिर चकराने, पेट दर्द के चलते उपचार के लिए पहुंच रहा है। सामान्य अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि तापमान ज्यादा होने के चलते स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है। लोगों को चाहिए कि वे धूप में घर से बाहर निकलने से बचें। जरूरी होने पर कपड़े से शरीर को ढांप कर रखें। ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ पेय पदार्थों का प्रयोग करें। तबीयत खराब होने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लें। भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों से अपील की है कि वे अपने आपको हाइड्रेट रखने के लिए अधिक से अधिक मात्रा में पानी पिएं और अल्कोहल और कैफीन युक्त पेय पदार्थों का सेवन बिल्कुल ना करें। धूप में निकलने से बचें, अत्यधिक गर्मी के समय सुबह 11 बजे से शाम चार बजे के दौरान घर के अंदर ही रहें। यदि आपको बाहर जाना है तो हल्के रंग के ढीलेढाले कपड़े पहन कर जाएं और अपने सिर को टोपी, गीले कपड़े या छाते से ढकें। घर में मौजूद बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों पर विशेष ध्यान दें। अत्यधिक परिश्रम वाले कार्य जैसे व्यायाम अथवा शारीरिक मेहनत को स्थगित कर दें। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। तापमान में और ज्यादा इजाफा होगा। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार-पांच दिनों में आसमान साफ रहने के साथ-साथ मुख्यतः शुष्क मौसम रहने की संभावना भी बनी रहेगी।


नागरिक अस्पताल स्थित लैब से अपनी जांच रिपोर्ट लेते हुए मरीज।



**पांच दिनों का तापमान**

| तिथि | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 19 मई | 44 डिग्री | 30 डिग्री |
| 18 मई | 44 डिग्री | 29 डिग्री |
| 17 मई | 41 डिग्री | 29 डिग्री |
| 16 मई | 41 डिग्री | 29 डिग्री |
| 15 मई | 38 डिग्री | 27 डिग्री |


फरल के पास सड़क हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार और खेतों में उतरी स्कूल बस।

# स्कूल बस और कार की टक्कर, बड़ा हादसा टला

*हादसे के समय बस में कोई बच्चा नहीं था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

फरल स्थित महाराणा प्रताप चौक के पास मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। पेहवा के एक निजी स्कूल की बस और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूल बस सड़क से नीचे खेतों की तरफ उतर गई, जबकि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय बस पूंडरी से ढांड की ओर जा रही थी, जबकि कार पूंडरी की तरफ आ रही थी। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय स्कूल बस में कोई बच्चा मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हादसे में कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा एयरबैग खुल जाने से कार सवारों की जान बच गई। वहीं बस भी सड़क किनारे झाड़ियों और खेतों में उतर गई। आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मौके पर राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने तुरंत दोनों वाहनों में सवार लोगों को बाहर निकाला और सहायता पहुंचाई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारू करवाया। दुर्घटना के कारण कुछ समय तक सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस चौक पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, इसलिए यहां सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए जाने चाहिए। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई बड़ा जानी नुकसान नहीं हुआ।

### कार की चपेट में आने से स्कूल में हेल्पर की मौत

कैथल। कलायत के रामगढ़ हाईवे बाईपास पर तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार 53 वर्षीय निजी स्कूल हेल्पर की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव कुराड़ के जयकिशन के रूप में हुई। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस को दी शिकायत में रामगढ़ पांडवा के ऋषिपाल ने बताया कि वह कलायत बस अड्डा के सामने सीएससी सेंटर चलाता है। 17 मई की शाम करीब 6:50 बजे वह सेंटर बंद कर गांव लौटने के लिए रामगढ़ हाईवे बाईपास पर पहुंचा था। इसी दौरान वह सड़क पार करने के लिए खड़ा था। उसके सामने एक बाइक चालक भी सड़क पार करने के इंतजार में खड़ा था।

## जींद: आटा चक्की में चिट्ठी डाल मालिक से मांगी दो लाख की चौथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गोहाना रोड पर आटा चक्की में चिट्ठी फैंक कर मालिक से दो लाख रुपये चौथ तथा दो मोबाइल फोन खातों से लिंक हुए मांगे हैं। डिमांड राशि तथा सिम ने देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने आटा चक्की मालिक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चौथ मांगने तथा धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

लक्ष्मी नगर निवासी विनोद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गोहाना रोड पर फ्लाईओवर के निकट आटा चक्की लगाई हुई है। जब सुबह उसने आटा चक्की का शटर उठाया तो एक चिट्ठी पड़ी मिली। जिसमें लिखा था एलजी है कि हम दो लाख रुपये नगद, दो मोबाइल सिम जो एटीएम कार्डों से लिंक हों। दो एटीएम कार्ड, जहां पर रखना है वह जगह गोहाना रोड पर एक गांव के निकट किलोमीटर पत्थर के निकट रखी एंटों के नीचे रखना है। अगर उनकी डिमांड चार दिन में पूरी नही हुई तो उसे बुरा अंजाम भुगतना होगा। सिविल लाइन थाना पुलिस ने विनोद कुमार की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अज्ञात लोगों के खिलाफ चौथ मांगने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


अलेवा बीडीपीओ कार्यालय में लोगों की समस्या सुनते एसडीएम उचाना रमित यादव।

### एसडीएम ने बीडीपीओ कार्यालय में सुनी समस्याएं

अलेवा। अलेवा तथा आसपास गांव के लोगों की समस्याओं के निदान के लिए मंगलवार को अलेवा बीडीपीओ कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उचाना के एसडीएम रमित यादव ने की। इस दौरान मार्केट कमेटी अलेवा के चेयरमैन रामपाल शर्मा व उप चेयरमैन शमशेर सैनी ने हिस्सा लिया। शिविर में अधिकतर शिकायतें पेंशन, फैमिली आइडी, पीने के पानी व राशन कार्ड कटने के अलावा लाडो लक्ष्मी योजना से संबंधित देखने को मिली। एसडीएम ने अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर कुछ समस्याओं का सबंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान कराने की हिदायत दी। एसडीएम ने बताया कि सरकार द्वारा अलेवा खंड के लोगों की समस्याओं का नजदीक ही समाधान कराने के लिए प्रत्येक सप्ताह समाधान शिविर लगाने की हिदायत दी गई। इसी के चलते प्रत्येक मंगलवार को बीडीपीओ कार्यालय में समाधान शिविर लगाया जा रहा है। इसमें सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता के तौर पर समाधान करेगें।

### बायो गैस प्लांट में चलने वाले वाहनों से दरका घर

जींद। दरके हुए घर का मुआवजा पाने के लिए जिस मजदूर परिवार ने गत तीन अप्रैल को जींद एसडीएम कार्यालय में अर्जी लगाई थी। उस पर आज तक कोई सकारात्मक रिस्पॉन्स निकलकर नहीं आया है। मजदूर, अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ दरके हुए मकान में रह रहा है। मजदूर हमीद की टैंपरेरी तौर पर टीचर लगी हुई पत्नी बेबी सलमा ने कहा कि जिंदगी में बड़ी मशक्कत से बड़ी मुश्किल से एक घर बनता है लेकिन उनके खुन पसीने की कमाई से जो घर बनाए उसको बड़े उद्योगपति के बायोगैस प्लांट की नजर लग गई। बेबी सलमा ने बताया कि कई साल पहले गोहाना रोड स्थित धागा मिल कॉलोनी में घर बनाया था। पूरा परिवार घर को सजा संवार कर अच्छी तरह रख रहा था। मगर साथ में बायो गैस प्लांट बन गया। प्लांट के अंदर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण घर दरक गया। घर इस कदर दरका की वह कभी भी धराशाही हो सकता है। घर की दीवारों में इतनी मोटी दरारें आई हुई हैं कि उनसे दिन में जहां सूरज दिखता है वहीं शाम ढलते ही बाहर के सारे मच्छर अंदर आ जाते है।


जींद। अपने पति के साथ दर्द ब्यान करती बेबी सलमा। फोटो:हरिभूमि

### नकली नोट के आरोपी को लेकर झज्जर पहुंची पुलिस

जींद। सीआइए सफीदों पुलिस नकली नोट रखने के आरोपित को लेकर झज्जर पहुंची। पुलिस इससे भी आगे तक इस मामले के मुख्य आरोपित की तलाश करेगी। पुलिस को फिलहाल कोई ठोस सुराग नही मिला है, जिसके आधार पर मुख्य आरोपित तक पहुंचा जा सके। इसके लिए पुलिस को एक-एक कड़ी जोड़ रही है। गौरतलब है कि सीआईए सफीदों टीम ने रोहतक जिले के गांव सांघी निवासी रितेश को साढ़े 66 हजार रुपये के नकली नोटों के साथ रविवार रात को गिरफ्तार किया था। आरोपित के पास से 500-500 रुपये के 133 नोट बरामद किए थे। आरोपित को पुलिस ने सोमवार को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया था। रितेश को लेकर सीआईए सफीदों पुलिस झज्जर तक पहुंची। यहां पर भी उसके हाथ अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। रितेश इस मामले का मास्टरमाइंड नही है।

### जुगाड़ बाइक व अवैध वाहनों पर कसा शिकंजा



जींद। जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय टीम द्वारा शहर में चल रहे जुगाड़ मोटरसाइकिल व अवैध वाहनों को लेकर चेकिंग अभियान चलाया गया। इंस्पेक्टर बलजीत सिंह ने बताया कि कार्यालय में शिकायत प्राप्त हो रही थी कि जुगाड़ मोटरसाइकिल के माध्यम से माल ढोंया जा रहा है। जिनके पास किसी भी प्रकार के दस्तावेज नहीं है और कभी भी दुर्घटना हो सकती है। विशेष चेकिंग अभियान चला कर नरवाना में चार अवैध रूप से चल रहे जुगाड़ रिक्शा को इंपाउंड किया गया और साढ़े 33 हजार रुपये के चालान किए गए। उन्होंने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। मंगलवार को चलाए गए अभियान में कार्यालय में कार्यरत परिवहन निरीक्षक सन्नी व परिवहन उप निरीक्षक प्रदीप शामिल रहे। उन्होंने कहा कि शहर में किसी भी प्रकार के जुगाड़ मोटरसाइकिल व अवैध वाहन को नहीं चलने दिया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## विधायक सतपाल जांबा ने फतेहपुर में करोड़ों की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

# प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध, हर गांव में मूलभूत सुविधाओं को किया जा रहा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


फतेहपुर गांव में विकास कार्यों का शिलान्यास करते विधायक सतपाल जांबा व उपस्थित ग्रामीण।

पूंडरी हलके के गांव फतेहपुर में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विधायक सतपाल जांबा ने गुरु ब्रह्मानंद चौक से मुंदड़ी वाली नहर तक बनने वाली सड़क निर्माण परियोजना का शिलान्यास किया। इस सड़क निर्माण कार्य पर लगभग 3.15 करोड़ की लागत आएगी। इसके साथ ही बैरागी वाले मोहल्ले में श्मशान घाट के पास गली निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया, जिस पर करीब 28.49 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। गांव पहुंचने पर सरपंच वर्मा ने विधायक सतपाल जांबा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गांव में लंबे समय से इन विकास कार्यों की मांग की जा रही थी, जिसके पूरा होने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने विधायक सतपाल जांबा का आभार जताते कहा कि उनके प्रयासों से गांव में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, जिससे गांव की तस्वीर बदल रही है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हर गांव में सड़क, गली, पेयजल व अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से गांववासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का विकास और तेज होगा। ग्रामीणों ने भी क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### पुलिस पर फायरिंग के आरोपित रिमांड पर

जींद। ईक्कस गांव से कुछ दूरी पर पुलिस पर फायरिंग करने के तीन आरोपितों को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। तीनों आरोपितों को अदालत में पेश किया गया। जहां से पुलिस ने उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर अदालत ने पुलिस को सौंपा है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस आरोपितों से अन्य वारदातों के बारे में जानकारी जुटाएगी। तीनों आरोपितों पर पहले भी कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। सदर थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि गत 16 मई को डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज मनीष कुमार को सूचना मिली थी कि तीन युवक ईक्कस गांव से कुछ दूरी पर नहरी पटरी के पास बैठे शराब पी रहे हैं और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बदमाशों को सरेंडर करने के लिए कहा लेकिन आरोपितों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।